प्रेस नोट दिनांक 21.03.2026
जनपद बरेली

"नारी शक्ति, समाज की शक्ति" – मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देते हुए जागरूकता बाइक रैली का आयोजन।

उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु जनपद बरेली में एक भव्य जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली को अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन श्री रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र श्री अजय कुमार साहनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली श्री अनुराग आर्य सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों तक महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश पहुंचाया गया। रैली में महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, समाजसेवी तथा आम नागरिक बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री मानुष पारीक, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री मुकेश चन्द्र मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मो0 अकमल खान, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी (लाइन्स) श्री शिवम आशुतोष, क्षेत्राधिकारी (नगर प्रथम) श्री आशुतोष शिवम, क्षेत्राधिकारी (नगर तृतीय) श्री पंकज श्रीवास्तव एवं सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजना दहिया द्वारा भी सक्रिय सहभागिता की गई।

अपर पुलिस महानिदेशक श्री रमित शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ***"मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता आंदोलन है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित एवं आत्मनिर्भर बनाना है।"***

पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी आपात स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090, इमरजेंसी सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 102/108 एवं फायर सेवा 101 का उपयोग करें।

जनपद के समस्त थानों पर मिशन शक्ति डेस्क स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पीड़िताओं को सम्मानजनक व्यवहार के साथ त्वरित सहायता प्रदान की जा रही है। महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम एवं महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही, महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

आगामी दिनों में जनपद बरेली में मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, संवाद गोष्ठियाँ एवं विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

BAREILLY POLICE

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
संकल्प हमारा

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
6236

शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

POLICE

संकल्प हमारा

संकल्प हमारा